तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **डी.आर. मेघवाल बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)** **सू.अ.अ. अपील संख्या 164 / 2020**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.10.20	अपीलार्थी डी.आर. मेघवाल पुत्र प्रेमाराम, पता सरेचां बस स्टेण्ड के पास, तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 31.07..20 में उसके द्वारा (1) ग्राम पंचायत सरेंचा के फर्जी बी.एल.ओ. थानाराम पटेल व अन्य बी.एल.ओ. वगैरा के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवाने बाबत् प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही की समस्त पत्रावली व अन्द बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लो.सू.अ.(अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 837 दिनांक 01.10.20 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें अवगत कराया गया कि प्रार्थी का आवेदन पत्र उपखण्ड अधिकारी लूणी को कार्यालय पत्रांक 735 दिनांक 14.09.2020 द्वारा प्रेषित कर दिया गया तथा प्रार्थी को भी सूचित किया गया कि उनका आवेदन पत्र दिनांक 24.12.19 की प्रति कार्यालय पत्रांक 4552 दिनांक 15.01 [illegible] उपखण्ड अधिकारी लूणी को नियमानुसार कार्यवाही हेतु प्रेषित [illegible] जा चुका है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम [illegible]) द्वारा कार्यालय से संबंधित सूचना से प्रार्थी को सूचित किया जा चुका है तथा प्रार्थना पत्र में अन्य संबंधित अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) के कार्यालय द्वारा क्या कार्यवाही हुई उस बाबत् विधिक प्रक्रिया के तहत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरित किया गया तथा उपखण्ड अधिकारी लूणी द्वारा सूचना नहीं दी गई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Anoop Singh Inda
Date: 2021.01.12 17:29:36 IST
Reason: SelfAttested